# BHARATHI COLLEGE OF EDUCATION

an abode of Education

Kandri, Mandar, Ranchi


## B.Ed 2nd Year

Session :- 2020-2022

# TOUR REPORT

## A Trip to Sikkim, Gangtok & Darjeeling







***Guided by:-***

***Asst. Prof.***

***Mr. Vivek Raj Jaiswal***

***Mr. Rakesh Kumar Rai***

***Mr. Manoj Kumar Gupta***

***Mrs. Binita Choudhary***

***Mrs. Ribha Kumari***

***Submitted by:-***

***Name :-Suman Toppo***

***Roll No. :- 03***

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# प्रमाण -पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि सुमन टोप्पो, क्रमांक – 03 Ranchi University Ranchi द्वारा मान्यता प्राप्त, भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन कन्दरी, माण्डर, राँची के B.Ed Course (सत्र 2020–2022)की छात्रा है।

इन्होंने **भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन कन्दरी, माण्डर, राँची** के द्वारा आयोजित **सिक्किम, गंगटोक और दार्जिलिंग** के अन्तर्गत पर्यटन स्थलों के शैक्षणिक परिभ्रमण में हिस्सा लिया और ज्ञान अर्जन किया।

शैक्षणिक परिभ्रमण के दौरान इन्होंने एक दूसरे का सहयोग किया एंव इनका आचरण संतोषजनक रहा।

प्रभारी प्राचार्य

भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन

कन्दरी, माण्डर, राँची

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# आभार ज्ञापन

शिक्षा मुख्य रुप से द्विपक्षीय प्रक्रिया है। जिसमें सीखना और सीखाना महत्वपूर्ण है। B.Ed कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक स्तर पर निर्देशन, परामर्श आदि क्षेत्रों का महत्वपूर्ण रहा है।

बी0 एड0 कार्यक्रम को पूर्ण करने में समस्त व्याख्यातागण का सहयोग रहा। इसमें हमें शैक्षणिक भ्रमण हेतु सिक्किम, गंगटोक और दार्जिलिंग से जुड़ी हुई जानकारी प्राप्त हुई।

इस कार्य के लिए प्रशिक्षण महाविद्यालय के शैक्षणिक सचिव दीपाली परासर प्रभारी Prof./Lec. राकेश कुमार राय एवं व्याख्याता मनोज कुमार गुप्ता, विवके कुमार राय, बिनीता चौधरी, रिभा कुमारी का आभार प्रकट करती हूँ। ज़िनके निर्देश के अनुसार सक्रिय कार्य पूर्ण किया गया।

धन्यवाद।

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# INDEX


| S.N | TOPIC | Page No | REMARKS |
|---|---|---|---|
| 1. | शैक्षिक भ्रमण की भूमिका | 1-2 | |
| 2. | शैक्षिक भ्रमण का महत्व | 2-3 | |
| 3. | शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य | 4-5 | |
| 4 | शैक्षिक भ्रमण का मुख्य विवरण | 6 | |
| 5 | शिक्षक का नाम | 7 | |
| 6 | मेरी यात्रा एक दृष्टि में | 8 | |
| 7 | सिक्किम का संक्षिप्त विवरण | 9-13 | |
| 8 | पहला दिन | 14-15 | |
| 9 | दूसरा दिन | 16-19 | |
| 10 | तीसरा दिन | 20-22 | |
| 11 | गंगटोक का संक्षिप्त विवरण | 23-25 | |
| 12 | चौथा दिन | 26-30 | |
| 13 | पंचम दिन | 31-33 | |
| 14 | दार्जिलिंग का संक्षिप्त विवरण | 34-37 | |
| 15 | षष्ठ दिन | 38-42 | |
| 16 | सप्तम दिन | 43-45 | |
| 17 | अष्टम दिन | 46-47 | |
| 18 | मेरा अनुभव | 48 | |


Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# प्रस्तावना

शैक्षणिक परिभ्रमण एक महत्वपूर्ण यात्रा है यह परिभ्रमण हमारे जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जिसके द्वारा, हम किसी स्थान विशेष के बारे में अतयन्त एंव प्रत्यन रुप से देखकर स्थायी ज्ञान प्राप्त कर सकते है। शैक्षिणक भ्रमण के द्वारा हमें उस स्थान विशेष का ऐतिहासिक, राजनैतिक भौगोलिक और सांस्कृतिक का ज्ञान प्राप्त है। भ्रमण हमारे ज्ञानइन्द्रियाँ को उत्तेजित कर विशेष विषय वस्तु या घटना स्थल को जितनी आसानी से एक बार देखकर जान सकते है उतना पढ़कर या सुनकर नहीं। इस प्रकार ज्ञान - स्थायी होती है।

अतः महाविद्यालय के पाठ्यक्रम में शैक्षणिक भ्रमण को अनिवार्य विषय के रुप में रख गया है। इस बात को ध्यान में रख कर भारती कॉलेज ऑफ एजुकेशन की ओर से बी.एड. के विद्यार्थियों के लिए परिभ्रमण को अनिवार्य विषय समझ कर शैक्षणिक भ्रमण के लिए लिया गया।

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# सैद्धान्तिक पक्ष

## शैक्षिक भ्रमण की भुमिका :-

पाठ्यक्रम के साथ-साथ शिक्षण में एतिहासिक स्थलों तथ्यों एंव घटनाओं का पर्याप्त ज्ञान कराने, कक्षा कक्ष को नीरस हुए वातावरण एंव छात्रों के प्रत्यक्ष अनुभव वा ज्ञानेन्द्रियों के विकास, स्वास्थ्य एंव मनोरंजन की दृष्टि से पर्यटन का आयोजन कराया जाता है।

शैक्षिक भ्रमण में एतिहासिक पर्यटन सामग्री का भी आयोजन किया जाता है। जिसके लिए पर्यटन का इतिहास शिक्षा अत्यंत उपयोगी है तथा समुचित क्रियान्वयन के अंतर्गत वे सभी क्रियाएँ आ जाती है जिसका संबंध शिक्षण में कक्षा कार्य में होता है।

शिक्षण में पर्यटन को कई नामो से जाना जाता है। शब्दकोश मे पर्यटन शब्द के अर्थ को स्पष्ट करते हुए लिखा गया है।

" विद्यालय पर्यटन शैक्षिक उद्देश्य के लिए विद्यालय द्वारा व्यवस्थित पर्यटन है जिसमें छात्र उन स्थानों को जहाँ शिक्षण की सामग्री

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

प्रत्यक्ष अवलोकन हो सके और उनका क्रियात्मक परिस्थितियों के प्रत्यक्ष रूप से अध्ययन किया जा सके।"

# शैक्षिक भ्रमण का महत्त्व

1. शैक्षिक भ्रमण से ज्ञानात्मक तथा प्रयोगात्मक योग्यताओ का विकास होता है। छात्र में निरीक्षण, कल्पना शक्ति अन्वेषण तथा निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है।

2. प्राकृतिक भौगोलिक तथा मनुष्यों द्वारा तैयार की गयी वस्तुओं से प्रेम तथा आस्था का विकास होता है। जैसे - छात्र किसी एतिहासिक इमारत को देखकर यह विचार करता है कि पूर्वजों ने इसका निर्माण क्यों करवाया तथा उसको बनाने में कितना समय लगा।

3. शैक्षिक भ्रमण द्वारा छात्रों को वास्तविक अनुभव प्रशिक्षण द्वारा प्रत्ययों का बोध कराया जाता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

4. स्थानीय विधि प्रकार की इमारतो और भौगोलिक दृश्यो औद्योगिक तथा ग्रामिण उद्योगो को देखने से उनकी दैनिक जीवन उपयोगी ज्ञान प्राप्त होता है।

5. शैक्षिक पर्यटन से छात्रो में सहयोग की भावना तथा समुह मे कार्य करने का विकास होता है।

6. शैक्षिक पर्यटन से छात्रो में ज्ञानात्मक, भावनात्मक तथा समाजिक गुणो का विकास होता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य

1. शैक्षिक भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य अपने प्रान्त से बाहर जाकर वहाँ की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियो की जानकारी अर्जित करना है।

2. सामाजिक परिवेश में सामूहिक अंतःक्रिया का विकास होता है।

3. एक दूसरे के साथ तथा दूसरी की सांस्कृति को जानने का अवसर मिलता है।

4. राष्ट्रीय एकता का विकास होता है।

5. नवीन ज्ञान की प्राप्ती होती है।

6. समाजीकरण का विकास होता है।

7. प्रत्यक्ष अनुभव की प्राप्ती होती है।

8. इन्द्रियो का विकास के साथ मानसिक व सामाजिक प्राणी बनने का प्रशिक्षण प्राप्त होता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

9. शैक्षिक भ्रमण स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ छात्रों के ऐतिहासिक ज्ञान में वृद्धि करता है।

10. शैक्षिक भ्रमण से छात्र एवं शिक्षक के संबंध मधुर हो जाते हैं।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# शैक्षिक भ्रमण का मुख्य विवरण

भ्रमण पर जाने की तिथि:- 6-4-2022

भ्रमण जाने का स्थान :- सिक्किम (गंगटोक) दार्जिलिंग

भ्रमण की अवधि :- 8 दिन

भ्रमण व्यवस्थापक :- पंकज सर

शिक्षकों की संख्या :- 5

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


# TEACHERS NAME

- Ribha Ma'am
- Binita Ma'am
- Rakesh Sir
- Manoj Sir
- Vivek Sir

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# मेरी यात्रा एक दृष्टि में




Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# सिक्किम
# (SIKKIM)

सिक्किम जिसे अक्सर पृथ्वी पर स्वर्ग के रूप में वर्णित किया जाता है और इन्द्र का बगीचा (स्थानीय लोगो के अनुसार) भारत के पूर्वोत्तर भाग की (पूर्व मे 7) बहनो के नाम में से एक बताया जाता है जिसमें असम, सिक्किम, मेघालय, त्रिपुरा, नागालैंड, मिजोरम, मणीपुर और अरुणाचल प्रदेश भी शामिल है।

इस राज्य की प्राकृतिक सुंदरता ने इसे भारत में घुमने के लिए सबसे खूबसुरत और शांतिपूर्ण जगहों मे से एक बना किया है। चीन, नेपाल, भूटान और पश्चिम बंगाल जैसे स्थानो के साथ सीमा पर यह यात्रियो की भारी भीड प्राप्त करता है। जो बहुजातीय संस्कृति और इस जगह की कई अन्य अनुठी चीजो का अनुभव प्राप्त करना चाहते है। सिक्किम राज्य की स्थापना नामग्याल वंश के शा

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

द्वारा की गई थी और बौद्ध पुजारी राजा चोग्याल द्वारा शासित किया गया था। ब्रिटिश शासन के दौरान एक रियासत बनने के बाद यहाँ के लोगो को अंततः 1975 में राजशाही से छुटकारा मिल गया।

## भूगोल :-

सिक्किम पूरा पर्वतीय क्षेत्र है इसकी समुद्र तल से ऊँचाई 280 मीटर से 8585 मीटर तक है कंचनजंगा यहाँ की सबसे ऊँची चोटी है यहाँ पहाड़ी पद्धति से खेती की जाती है। यहाँ तीस्ता नदी को सिक्किम के उत्तर से दक्षिण में बहती है जिसे सिक्किम की जीवन रेखा भी कहा जाता है। यहाँ अनेक पर्वत चोटियाँ, झीलें, नदियाँ (तीस्ता नदी) पहाड़ी दर्रे (नाथुला पहाड़ी दर्रा) पाए जाते है। यहाँ की मिट्टी सदाबहार और वर्णपाती वनो के योग्य है। यहाँ अधिक मात्रा में बारिश के कारण सदा अपरदन तथा भूस्खलन होते रहते है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# अर्थव्यवस्था :-

पर्वतीय राज्य होने के कारण कृषि सीढ़ीदार होती है- चावल, अदरक, चाय संतरा, इलाइची की उपज होती है। यहाँ दवा उद्योग, मद्य उद्योग आदि मुख्य उद्योग है यहाँ पर्यटन उद्योग को काफी बढ़ावा प्राप्त हुआ है।

# परिवहन :-

यहाँ बागडोगरा हवाई अड्डा है यह गंगटोक से 124 km दूर है। गंगटोक हैलीपैड राज्य का एक मात्र असैनिक हैलीपैड है। निकटतम रेल स्टेशन नई जलपाई गुडी में है जो सिलीगुडी से 16 Km दूर है। राष्ट्रीय राजमार्ग 31A सिलीगुडी को गंगटोक से जोड़ता है यह मार्ग सिक्किम में रंपो पर प्रवेश करने के पश्चात तीस्ता नदी के समानान्तर चलता है। सिक्किम के दक्षिणी और पश्चिम शहर सिक्किम को उतरी पश्चिमी बंगाल के पर्वतीय शहर कलिम्पोंग और दार्जीलिंग से जोड़ता है। राज्य के भीतर चौपहिया वाहन लोकप्रिय है क्योंकि यह राज्य की चट्टानी चढाइयो को आसानी

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

से पार करने में सक्षम होते है।

## जनसख्या :-

सिक्किम भारत का न्युनतम आबादी वाला राज्य है। यहाँ अधिकतर निवासी नेपाली, भूटिया (लेप्चा) है।

## संस्कृति :-

यहाँ अनेक हिंदु त्योहार तथा बौद्ध धर्म के त्योहार जैसे दीपावली, भूमचू आदि।

नेपाली सिक्किम का प्रमुख भाषा है यहाँ अंग्रेजी और हिन्दी भी बोली और समझी जाती है। यहाँ गंगटोक सिक्किम का एक महत्वपूर्ण शहर है।
यहाँ नेपाली राक संगीत, हिन्दी संगीत सुनाई देती है। फुटबॉल एंव क्रिकेट यहाँ के सबसे लोकप्रिय खेल है।
नुडल पर आधारित व्यंजन जैसे थुक्पा, चौमीन लोकप्रिय है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# शिक्षा:-

यहाँ साक्षरता दर प्रतिशत 69.68% है। सिक्किम मणिजल विश्वविद्यालय अभियान्त्रिकी चिकित्सा तथा प्रबंध के क्षेत्रो में उच्च शिक्षा प्रदान करता है यह अनेक विषयो में दूरस्थ शिक्षा भी प्रदान करता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


प्रवेश निषेध | No Entry
प्रवेश निषेध | No Entry
ANG TOURISM PRIVATE LIMITED
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED COMPANY
PATNA
EDUCATIONAL TOUR - APRI
GANGTOK & DARJ
BHARATI GROUP OF
KANDRI, MANDAR
Organized by: ANG TOUR
Contact : 70042


प्रवेश निषेध | No Entry
ANG TOURISM PRIVATE LIMITED
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED COMPANY
PATNA
EDUCATIONAL TOUR - APRIL 2022
GANGTOK & DARJEELING
BHARATI GROUP OF INSTITUTIONS
KANDRI, MANDAR, JHARKHAND
Organized by: ANG TOURISM PRIVATE LIMITED
Contact : 7004285633, 8864000415

# क्रियात्मक पक्ष
# प्रथम दिवस
# DAY-1
# यात्रा प्रारंभ

स्थान - Ranchi Railway Station

समय - 8:00 Pm

दिनांक - 6/4/2022

दिनांक 6/4/2022 दिन बुधवार हम सभी B.Ed छात्र- छात्राओं 2020-2022 सत्र तथा D.El.Ed सत्र 2019-2021 सम्मिलित रूप से छात्र -छात्राएँ सायकाल 6:00 PM बजे तक राँची राँची रेलवे स्टेशन पहुँचे। हमारी गणना हुई तथा परिचय पत्र की जाँच करने के पश्चात वहाँ पर उपस्थित हमारे कॉलेज भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कंदरी के आदरणीय शिक्षक व शिक्षिकाएं विवेक सर, मनोज सर, राकेश सर, बिनिता मैम व रिभा मैम के सम्मिलित निर्देशन तथा उनके नेतृत्व में हमारी ट्रेन संख्या 175155, AC/3 TIER RANCHI TO NJP (New Jalpaiguri Junction) ट्रेन कोच B3, सीट संख्या ( )

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi



NJP की ओर अपने निर्धारित समय से प्रस्थान कर गयी। इस दौरान हम लोग विभिन्न स्थानों के रेलवे स्टेशन से होकर गुजर रहे थे। हमें IRCTC समय 9:30 पर पर हल्का भोजन उपलब्ध कराया गया। हम आपस मे दोस्तो से बाते करते हुए जा रहे थे और हम आपस में जो कुछ खाने की वस्तुएँ घर से लेकर आये वो आपस में बाँट रहे थे। हम आगे की भ्रमण यात्रा को लेकर उत्साहित थे हम सभी 11:00 PM तक सो गये।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# द्वितीय दिवस
# DAY-2

स्थान - New Jalpaiguri Junction, Sikkim (Gangtok)

समय - 1:00 PM, 5:30

दिनांक - 7/4/2022

दिनांक 7/4/2022 दिन बृहस्पतिवार में सुबह 5:00 AM बजे उठी अब तक हमारी ट्रेन कुछ रेलवे स्टेशन, स्थानों को पार कर रही थी। जिनमे कुछ स्थान निम्न है।


- Rampurhat - 5:54 Am
- Pakur - 6:00 Am
- Bonidanga - 7:23 Am

हमे सुबह का नाश्ता 7:30 Am को उपलब्ध कराया गया।

- New Farakka Junction - 7:40 Am
- Maida Town - 8:18 Am
- Mohananda - 10:11 Am

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA


Yak & Yeti
Boutique Hotel & Spa
9002388769
9733317176
Attested

हम NJP - 1:00 PM तक पहुँच गये। हम जंकशन के बगल में उपस्थित होटल में जिसका नाम कृष्णा होटल था, हमने दोपहर का खाना खाया। होटल में जिनको माँसाहारी भोजन तथा शाकाहारी भोजन करना था उन्हे बारी-बारी से भोजन के लिए ले जाया गया। मैंने माँसाहारी भोजन किया। खाना खाने के बाद हम आगे के यात्रा हेतु हमारी 10-10 लोगो की ग्रुप बनायी गयी जिसमें मेरा ग्रुप 7 था। हमें वहाँ से आगे की यात्रा वाहन के रूप में सुमो में की। इस ग्रुप में हमारे साथ कोई शिक्षकगण नहीं थे पर वे हमसभी से फोन के जरिए संपर्क में थे।

हमारे शिक्षकों द्वारा हमें उपयुक्त जानकारी तथा निर्देशन प्राप्त हो रहे थे तथा वे हमारे हित में अनेक देखभाल के कदम उठा रहे थे। जैसे किसी के खाने में कोई कमी न हो, उन्हे स्वास्थ्य नुकसान ना हो आदि।

हममें एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना दिखाई दे रही थी जब हमारे ग्रुप में हमारी दो सहपाठी को लंबी यात्रा में तबियत खराब होने की समस्या हुई तो

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

सभी ने उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखा यहाँ हम सभी में एक-दूसरे के प्रति सहयोग की भावना दिखाई दी।

इस यात्रा के दौरान हमें मार्ग में सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए तथा रिफ्रेशमेंट के लिए सभी गाड़ियों को रोका गया। कुछ समय पश्चात जब सभी को कुछ अच्छा महसूस हुआ तो हमने अपनी यात्रा फिर प्रारंभ की।

अब हम Rangpo - Gangtok, 2:54 PM भक्तिनगर मार्ग होते हुए आगे बढ़े। हम इस यात्रा में इन जगहों को पार करते हुए जा रहे।

VIP Road
↓
Eastern Bypass Road
↓
Himaalya Budh Sanskritik Vidyalaya
↓
Kendriya Vidyalaya, Sevakroad
↓
Bengal Safari 3:35 pm
↓
Singpo Rangpo railway line 3:48 PM
↓

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


YAK & YETI

Kalimpong Forests Range 5:00 PM

↓

Sikkim 5:30 PM

↓

Trading Baazar, Gangtok

↓

The Hidden Forest Hotel 7:58 PM

अचानक बहुत तेज बारिश होने लगी। हम अपने होटल YAK $ YETI hotel, Gangtok, 9:30 PM रात को पहुँचे।

हम सभी को 4 या 3 के ग्रुप में बाँटा गया और कमरे दिये गये। मेरे साथ ग्रुप में मेरे सहपाठी शिल्पा, अर्चना तथा दीपिका थीं। हमारा कमरा तीसरे मंजिल पर था तथा हमारा कमरा संख्या - 302 था।

होटल के कर्मचारी की सहायता से हमने अपने सामानो को कमरो तक ले जाया गया। हमारी रात्री भोजन 9:57 PM पर हुई। फिर हम यात्रा की थकान की वजह से सभी 11:00PM तक अपने कमरे विश्राम के लिए चले गये।

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi




Attested

# तृतीय दिवस
# (DAY-3)

स्थान - Ganjang Monastery, Tashi View Point, Lahasa waterfall, Ganeshtok

समय - 11:44 AM, 1:12 PM, 2:07 PM


दिनांक - 8/4/2022

दिनांक 8/4/2022 दिन शुक्रवार में सुबह मैं 5:00 AM बजे उठी। हमें सुबह का नाश्ता 8:30 AM को दिया गया। फिर हमें भ्रमण पर जाने हेतु तैयार होने का आदेश दिया गया। हमें अब 4 लोगों के ग्रुप में बाँटा गया जिसमे मैं, शिल्पा अर्चना और दीपिका थीं। अब हमें एक कार वाहन में संख्या में सवार करके भ्रमण के लिए पहले -

Ganjang Monastery
↓
Tashi View Point 11:44 Am
↓
Lasha Water Fall 1:12 PM
↓

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi





Plant Conservatory 1:39 PM
↓
Ganeshtok 2:07 PM

ले जाया गया। फिर हमे वापस होटल 3:00 PM बजे लाया गया। जहाँ हमारी उपस्थिती हमारे वाहन संख्या के साथ दर्ज की गई। हम सभी बहुत प्रसन्न थे इन प्राकृतिक, सास्कृतिक धरोहरो देखने, समझने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ।

हम सभी ने दोपहर का भोजन किया फिर हमें कुछ देर का समय देकर हमें शाम को शिक्षको द्वारा खरीदारी हेतु गाँधी मार्केट तथा लाल मार्केट जाने की अनुमति दी गयी। इस वक्त शाम के 5:30 PM बज रहे थे। हम सभी ने खरीदारी कर और नजदीक में घुमकर वहाँ की संस्कृति और व्यवसाय के अवगत हो रहे थे, साथ ही हमने वहाँ के लोगो के जीवनयापन की अनेक विधियो अथवा तरीको को वहाँ के लोगो से बातचीत कर जाना। इस समय भी हमारे शिक्षक हम सभी के बारे में फोन के द्वारा हमारी मार्गदर्शन तथा हमारी सुरक्षा की खबरे ले रहे थे। हम जल्द ही 6:30 PM



Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

होटल लौट आए। हमारी रात्री की भोजन 9:30 PM को हुई।

हम सभी भोजन के उपरांत 10:00 PM पर सोने चले गये।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi





# गंगटोक
# (GANGTOK)

गंगटोक जिसे लैंड ऑफ मोनास्ट्री के नाम से भी जाना जाता है और सिक्किम का सबसे बड़ा शहर है। बौद्ध धर्म के लोगो के लिए बहुत ही खास जगह है। बड़े - बड़े पहाड, बर्फ से ढकी चोटियाँ और स्पार्कलिंग ऑर्किड लोगों को अपनी और खीचती है इसकी ताजा हवा, वन पहाड़, घाटिया और बर्फ से ढंकी चोटियाँ वाकई मे मेरे मन को बहुत अच्छा लगा। यह भारत में सुंदर शहरो में से एक माना जाता है और प्रकृति के वरदान से भरी यह जादुई जगह हिमालय पर्वत क्षेत्र मे स्थित है।

अगर इसके इतिहास की बात करे तो गंगटोक, तिब्बत और ब्रिटिश के लोगो का बहुत ही खास ट्रेड सेंटर है।

______ नामग्याल ने 1894 में इसे सिक्किम की राजधानी बनाया जो ब्रिटिश शासन के अंदर एक मोनार्च थे। जब भारत आजाद हुआ तो सिक्किम वालो ने खुद को अलग मोनार्च मे रखने का फैसला किया।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


PURE



Ranchi University, Ranchi

1975 में लड़ाई और विवाद के बाद सिक्किम को एक इंडियन स्टेट बनाया गया, जिसकी राजधानी गंगटोक को घोषित किया गया। इस शहर को ट्रेड रिलेशन के क्षेत्र में बहुत बड़ा नुकसान झेलना पड़ा, जब नाथुला पास को बंद कर दिया गया था। फिर जब 2006 में नाथुला पास वापस से खुला तब गंगटोक अपने कार्य में वापस से आई।

गंगटोक की संस्कृति मे हमे पता चलता है कि इस शहर मे बहुत तरह के भाषा या धर्म के लोग मिलेंगे बौद्ध, चीनी, तिब्बतियो के साथ हिंदुओ की उपस्थिती गंगटोक को एक रंगीन माहौल देता है। हर त्योहार एक ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। लोसम और लोसर यहाँ के फेमस त्योहार मे आता है। गंगटोक की इकोनोमी बहुत हद तक टूरिस्ट पर निर्भर करता है।

गंगटोक में बहुत सारे स्तूप, पार्क और गार्डन तथा झील है। यहाँ पर घूमने के लिए फेमस प्लेस है – गणेशटोक, नाथुला पास, नागा वाटरफॉल, Tsomgo लेक आदि।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

Ranchi University, Ranchi






यह इंडिया के बहुत से पार्ट के हाइवे से कनेक्ट किया गया है। जीप से जाना सबसे आसान तरिका होता है। सिलीगुडी से लगभग 5 घंटे का रास्ता है सबसे आसान है जलपाइगुडी या दार्जिलिंग से गंगटोक जाना।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi





# चतुर्थ दिवस

## DAY - 4

स्थान - Tsomongo Lake, Baba Harbhajan Singh Shrine.

समय - 11:39 AM, 12:30 PM

दिनांक - 9/4/2022

दिनांक 9/4/2022 दिन शनिवार मैं सुबह 5:30 AM बजे उठी। आज बारिश तेज थी बादल भी छाये हुए थे कोहरे की वजह से स्पष्ट दिखाई भी नहीं दे रहा था साथ में ठंड भी बहुत ज्यादा थी। हमें सुबह का नाश्ता 9:15 AM में कराया गया। नाश्ता कर लेने के बाद हमें दूसरे स्थल पर भ्रमण हेतु निर्देश प्राप्त हुए।

हमारी नौ सदस्यों की ग्रुप बनायी गयी जिसमे हमारा ग्रुप संख्या 9 था।

हम सभी रोमांचित थे कि आज हम Tsomongo Lake तथा Baba Harbhajan Singh Shrine भ्रमण के लिए जाने वाले थे।

हम अपने होटल से गंतव्य स्थान के लिए 9:32 - 10:00 AM बजे निकले।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

हम निम्न वर्जित स्थानो से होते हुए आगे बढ़ रहे थे:-

Kyongnosla 10:48 AM
↓
Police Station

यहाँ हमारे सहपाठी (ग्रुप सदस्यों) द्वारा कुछ खरीददारी तथा बर्फ में चलने के लिए जूते जो क्रमश Rent पे मिलते थे जिनके लिए इन्होने 100 रुपये प्रत्येक जोड़े जूते हेतु चुकाये, जैकेट आदि भी Rent से प्राप्त किये जा सकते है।

Chipsu, Jen Road, 11:35 AM
↓
Tsomongo Lake 11:39 AM

इस जगह पर पहुँचने के बाद मानो ऐसा प्रतीत हुआ जैसे प्रकृति हमें यहाँ बार-बार आने को आमंत्रित कर रही है। अद्भुत नजारा आस-पास के सारे जगह लेक को घेरे हुए, पहाड़ो का सौंदर्य छटा, बादलो का जमीन पर पानी की सतह तक उतरना, बहुत खुबसुरत नजारा मन को सुखद एहसास करा रहे थे।

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


OFFICE
Shot on Y17
Vivo AI camera
2022.04.09 12:47


REMOVE
SHOES

यहाँ हमारे कुछ सहपाठियों ने याक की सवारी भी की। यहाँ से जब हम आगे की ओर बढ़ रहे थे तो सड़क के दोनो किनारे प्रकृति की मनमोहक छटा हमे लुभा रही थी। बर्फ से हल्की ढकी हुई पहाड़ियाँ हमे अपना ध्यान आकृष्ट कर रही थी। हम विभिन्न स्थानो से होते हुए आगे बढ़ रहे थे। जिनमे Thegu 11:59 PM अत्यधिक विक्षण मोड तथा मोड़दार सड़क से होते हुए हम हरभजन सिंह द्वार 12:04 PM तथा "Baba Harbhajan Singh Shrine, 12:30 PM" पर पहुँचे। उक्त स्थल हमें देश गौरव पूर्ण क्षण, अमर सैनिको, देशभक्ति से ओत-प्रोत ओजस-पूर्ण स्मारक हमें सुखद अनुभूति तथा गौरव का एहसास करा रहे थे।

हमने वहाँ उनके स्मारक पर रखे उनके यूनिफॉर्म को देखने का अवसर तथा वे जहाँ रहते थे और किस प्रकार रहा करते थे उनकी वस्तुओं को देखने का सौभाग्य प्रदान हुआ। यह सब देखकर हमें अपने देश और देश के बहादुर सैनिको के प्रति असीम गर्व महसूस हो रहा था।

कुछ देर रुकने के बाद सभी ग्रुप के सदस्य मिलकर वहाँ से वापस होटल की ओर निकले। रास्ते में अत्यधिक कुहासा तथा

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi




GIFT SHOP


SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA



हम सभी ग्रुप के सदस्य 4:30 PM होटल पहुँचे। हमने कुछ देर से दोपहर का खाना 4:50 में किया। फिर हमने कुछ देर आराम करने के बाद आज रात के Dance Program के लिए 8:30 - 10:22 PM को रखा गया। सभी ने मिलकर इस Program का लुफ्त उठाया और सभी ने दिल खोलकर नृत्य किया।

हमें 10:40 PM को थोड़ी देर से रात्री का भोजन किया गया। आज हमारा इस होटल में आखरी दिन था और भ्रमण और नृत्य करने के बाद सभी थके होने के कारण हम सभी को शुभ रात्री बोलकर सोने को चले गये।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi





# पंचम दिवस

# DAY-5

स्थान - Arrived at Darjeeling, Loghchui Bazaar

समय - 6: 33 PM, 5: 30 PM

दिनांक - 10/4/2022

दिनांक 10-4-2020 दिन रविवार में सुबह 5:00 AM बजे उठी। आज हमें Yak and Yati होटल को छोड़ना था। हमने इस होटल में कुल तीन रातें और तीन दिन गुजारे हमें इस होटल बिताए गये क्षण हमारे लिए यादगार बन गये। हमने वहाँ के कर्मचारियों के प्रति सहयोग और व्यवस्था के लिए उनका आभार तथा स्नेह व्यक्त किया।

आज हमें नाश्ता 8:30 AM को दिया गया और हमें यह निर्देश दिया गया हमें अपने आगे के गंतव्य के लिए सामान को पैक करने को कहा गया।

होटल छोड़ते वक्त हम सभी ने एक भावुक मन से सभी कर्मचारियों को अलविदा कहा।


Attested
Principal
Bharathi College of Education

हमें दोपहर का भोजन 12:11 PM बजे खिलाया गया और फिर इसके उपरांत हमने निर्देशानुसार हमारी बनायी गयी ग्रुप में दार्जिलिंग के लिए प्रस्थान किया।
मार्ग में हम इन जगहों को पार करते जा रहे थे।

NH–10 – 1:20 PM
↓
Singtam Baazar 2:24 PM
↓
Bordang 2:47 PM
↓
यहाँ हमें संकुचित सड़क तथा सड़क निर्माण के कारण जाम की समस्या मिली।
↓
Petrol Pump 3:15 PM
↓
हम यहाँ कुछ पल रुके।

West Bengal Border 3:34 PM
↓
हम आगे बढ़ रहे थे हमारे सड़क के दोनो ओर के प्राकृतिक नजारे, पहाडो से घिरे जंगल बादल, तिस्ता नदी का बहाव के मनमोहक नजारे थे।
↓
Mamkhola 4:08 PM
↓
Loghchu Bazaar 5:30 PM

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA

यहाँ हमारे वाहन को पानी से धोया गया जिसमे लगभग 30 मिनट का समय लगा।

Tiger Hill (6500 ft की ऊँचाई)
6:33 PM

यह अत्याधिक विक्षण मोड तथा घुमावदार सडक थी और संकुचित भी।
फिर से कुहासा की वजह हमारी गाडी की रफतार धीमी हो गयी और कुछ समय के लिए बारिश भी हुई।

अब हम दार्जिलिंग में थे यहाँ लोकल Toy Train 6-8 Km के व्यास मे फैली हुई इनकी पटरियाँ थी।

हम अपने दार्जीलिंग स्थित ठहरने हेतू होटल तक पहुँचे। होटल का नाम - Norling Retreat (A boutique hotel) 7:30PM कमरा सं० 304 में हमारे ठहरने की व्यवस्था की गई। हमे रात का भोजन 10:30 PM को उपलब्ध कराया गया। हम सभी सफ़र की वजह से थक चुके थे अत: भोजन के बाद हम 11:30 PM को सो गये।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


# दार्जिलिंग
# DARJEELING

दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल राज्य के उत्तर में पूर्वी हिमालय की तलहटी में स्थित एक खुबसूरत हिल्स स्टेशन है। समुद्र तल से 2134 मीटर की ऊँचाई पर स्थित दार्जिलिंग के जिले की सीमाएँ बांग्लादेश, भूटान और नेपाल जैसे देशों के साथ जुड़ी है।

दार्जिलिंग विभिन्न बौद्ध मठो और हिमालय की आकर्षित चोटियों से घिरा हुआ है। दार्जिलिंग सिर्फ चाय के कारण विश्वभर में प्रसिद्ध नहीं है बल्कि अपनी सुंदरता के कारण भी यह शहर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। दार्जिलिंग का इतिहास देखने पर हम पाते है कि दार्जिलिंग का इतिहास ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा अधिग्रहण से पहले सिक्किम का एक हिस्सा हुआ करता था और उससे पहले नेपाल के एक अभिन्न रूप में जाना जाता था। लेकिन फरवरी 1829 में नेपाल और सिक्किम के बीच सीमाओ के बारे मे विवाद शुरू

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


PADMAJA NAIDU HIMALAYAN ZOOLOGICAL PARK
& HIMALAYAN MOUNTAINEERING INSTITUTE


Barking Deer (Muntiacus muntjak Zimmermann, 1780)
Barking Deer derive its name from the short barking call it gives when annoyed or alarmed. They are the oldest known deer, appearing 15-35 million years ago. Antlers are present only in the males. Distinctive canine teeth protrude from the upper jaw in males and can reach a length of over an inch. The Barking Deer are hunted throughout the range for meat and skin.
Barking deer is found throughout Asia.
FAST FACTS
Body Length : 40 inches
Weight : 20-30 kg
Gestation Period : 6 months
Young per birth : 1 or 2
Diet : Grass, fallen fruits
Life Span : 20-30 years
Conservation Status : Not Listed. Nevertheless the Government has imposed ban on their hunting

होने लगा। इस समय के दौरान भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिक थे और उन्होंने समस्या को हल करने की कोशिश की। इस प्रक्रिया के दौरान उन्होंने महसूस किया कि दार्जिलिंग में प्रमुख चौकी का निर्माण किया जा सकता है और चाय की खेती के लिए एक शानदार भूमि है। ब्रिटिश अधिकारियों ने इस स्थान का दौरा किया और इसकी सुंदरता को सराहा। दार्जिलिंग बाद में एक आकर्षित पर्यटन स्थल बनता चला गया और पहाड़ियों की रानी की उपाधि प्राप्त की।

# प्रमुख पर्यटन स्थल

## 1. टाईगर हिल

यह 2590 मीटर की ऊँचाई पर और दार्जिलिंग से 13 KM की दूरी पर स्थित है। टाइगर हिल सनसेट पाइंट के लिए सबसे अधिक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। टाइगर हिल से कंचन जंगा का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। यहाँ स्थित दार्जिलिंग हिमालय रेलवे युनेस्को की विश्व धरोहर स्थल में शामिल सबसे ऊँचा रेलवे स्टेशन है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

## २. बतासिया लूप

दार्जिलिंग की सबसे सुरम्य ट्रेन मार्गों में से एक बतासिया लूप प्राकृतिक रुप से हरा भरा ट्रेन मार्ग है जोंकि दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे की ऊँचाई को कम करने के उद्देश्य से बनाया गया है यहाँ से कंचन जंगा की बर्फीली पहाडियों को देखा जा सकता है।

## ३. हिमालय पर्वतारोहण संस्थान

इसे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पर्वतारोहण संस्थानो में से एक माना जाता है इसे 4 नवम्बर 1954 में स्थापित किया गया इसका उद्देश्य पर्वतारोहण के खेल मे लोगो के हित और रुची को प्रोत्साहित करना था। दुनिया भर से पर्वतारोही अपने कौशल को विकसित करने के लिए इस संस्थान में आते है और इसका लाभ उठाते हैं।

## ४. पद्मजा नायडू जूलोजिकल पार्क।

इसे दार्जिलिंग के एक खुबसुरत चिडिया घर के रुप में भी जाना जाता है और माना जाता है कि दार्जिलिंग सभी प्रकार के जानवरो के लिए स्वर्ग है। पार्क मे हिम तेंदुआ और लाल पांडाओं के लिए एक

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

ऑफ डिस्प्ले प्रजनन केंद्र भी बनाया गया। इनके अलावा चिड़िया घर में एशियाई काले भालू, भौंकने वाले हिरण, तेंदुए, नीले और पीले रंग के मैको, हिमालयन वुल्फ, लंडी एमहर्स्ट तेंदुए बिल्ली, मैको, पूर्वी पैंगोलिन, तीतर, हिमालयी मोनाल, लाल जंगल फाउल भी पाए जाते हैं।

## 5. हैप्पी टी वैली

हैप्पी टी वैली दार्जिलिंग की अपनी स्वादिष्ट चाय के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है यहाँ चाय की बहुत सारी बगाने हैं। इनमें प्रसिद्ध चाय बगान हैप्पी वैली टी एस्टेट है जो दार्जिलिंग से करीब 3Km पर स्थित है। 437 एकड़ में फैले चाय के बगान में विभिन्न प्रजातियों के चाय मशहूर है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi





PADMAJA
ZOOLOGICAL PARK
& HIMALAYAN
INSTITUTE
ENTRY
EXIT
TOURISM PRIVATE LIMITED
EDUCATIONAL TOUR - APRIL 2022
BHARATI GROUP OF INSTITUTIONS

# षष्ठ दिवस
# DAY-6

स्थान – Tiger Hill Sun Rise View Observetry, Batasia Eco Garden, Padmaja Naidu Himalayan Zoological Park, Tea Garden, Japanese Temple


समय – 4:57 AM, 7:32 AM, 11:15 AM, 2:10 PM 4:02 PM

दिनांक – 11/4/2022

दिनांक 11/4/2022, दिन सोमवार मैं सुबह 3:00 AM उठी। हमें पहले से निर्देशित था कि हमें आज Tiger Hill Sun Rise View Observetry पर जाकर सूर्य उदय तथा वहाँ से कंचनजंगा चोटी जो कि 28,209 feet की ऊँचाई के साथ दुनिया के तीसरे सबसे ऊँची चोटी का सम्मान हमें दिलाती है को देखने हेतु जाने की तैयारी रखनी है मैं बहुत उत्साहित महसूस कर रही थी। हम सभी तैयार होकर ग्रुप संख्या - 1 और वाहन संख्या - 9 द्वारा 4:15 बजे उक्त स्थान की ओर प्रस्थान कर गये।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


HMI receives financial assistance from
1) Ministry of Defence, Government of India
2) Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India.
3) Department of Youth Services, Government of West Bengal.


MUSEUM

सुबह काफी कुहासा तथा बादल छाये हुए थे तथा बारिश भी होने से मौसम ठंड तथा गीला था। हम उक्त स्थान पर पहुँच गये वहाँ पहले से ही अन्य पर्यटकों की काफी भीड थी हम एक निश्चित स्थान पर खडे होकर सूर्य उदय होने का इंतजार कर रहे थे। परंतु बादलों के कारण यह संभव नही हो पा रहा था परंतु कुछ समय पश्चात हमें सूर्य के किरणों की निकलने की दृश्य ने मन मोह लिया लोगों में उत्साह थी।
हम प्रत्येक क्षण को अपनी यादों में समाहित करने की कोशिश में थे।

6:15 - 6:20 AM पर सूर्य की किरणों ने अपने आप को बिखरते हुए वहाँ कंचनजंगा चोटी पर सुनहरी किरणे बिखेरी और हमे वह दिखाई देने लगी, वास्तव में यह अद्भुत नजारा था। हम सारे छात्र हमारे शिक्षकगण के साथ फोटो खिचवायी और इन यादों को सहेजने की कोशिश की।

अब हम वहाँ से निकल रहे थे अपने होटल की ओर लौटते हुए हम भिन्न स्थलों से होते हुए लौट रहे थे। 6:47 AM

↓

Senchal Wild life Sanctuary 7:06 AM

↓


Batasia Loop 7:18 AM

↓

Gorkha War Memorial Batasia Sainik Board

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


GOMBU
ROCK



Ranchi University, Ranchi

7:18 AM Gorkhaland Territorial Administration

↓

Batasia Eco garden 7:32 AM

↓

Darjeeling Himalayan Railway

हम 9:00 AM बजे तक होटल लौट आये हमारा नाश्ता 9:30 AM पर सम्पन्न हुआ।

हम अब भ्रमण के अगले पडाव की ओर निकले जिसमें Padmaja Naidu Himalayan Zoological Park तथा Tea Garden महत्वपूर्ण थे। हम उक्त स्थानो की ओर बढ़ चले, हम निम्न रास्तो से होते हुए आगे बढ़े।

↓

Golghar, Old Kutchery 11:15 AM

↓

Old Super Market

↓

Hill cart Road 11:19 AM

↓

Zoo (P.N.H.Z Park)

यहाँ पहुँचकर हमने बहुत सारे जीव-जंतुओ से संबधित जानकारियाँ प्राप्त की, फूल-पौधो की भी किस्मो की जानकारी मिली। उक्त स्थान बडे क्षेत्र में फैला हुआ है। यहाँ अनेक पर्यटक आते है।

यहाँ हमनें शिक्षकगणों के साथ फोटो खिचवाया।

Ranchi University, Ranchi

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

हम उक्त स्थान पर भ्रमण कर रोमांचित थे अब हम अपने भ्रमण के पडाव के अगले छोर पर निकलने वाले थे।

हम 2:06 PM को Tea Garden के लिए Zoo से निकले और हम सभी 3:00 PM मे Tea Garden पहुँच चुके थे। यहाँ हमें चाय के पत्तियों की हरियाली से समस्त क्षेत्र ओत-प्रोत नजर आया। यह एक मनमोहक दृश्य था।

अब हम होटल की ओर लौट रहे थे और उक्त स्थानो पर भी कुछ देर के लिए भ्रमण किया।

S.T Joseph's School, North point 3:25 PM

↓

Japanes Temple 4:02 PM

हम अपने होटल 4:30 PM मे लौट आये। होटल वापस आने पर हमें 4:40 PM पर दोपहर का भोजन कराया गया।

इसके पश्चात हमें Shopping के लिए नजदीक के स्थानिय Market मे जाने की अनुमति दी गयी। आज हमें इस होटल पर भी Dance Program का आयोजन किया गया इसलिए हमें 8:00 PM तक वापस आने को कहा गया।


Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

हम सभी 8:30 PM तक होटल वापस आ चुके थे। हम सभी ने शिक्षकों के साथ Dance Program का लुफ्त उठाया। इसके पश्चात हमें 9:30PM को रात्री का भोजन दिया गया। क्योंकि आज का दिन बहुत ज्यादा भ्रमण करने की वजह से सभी थके हुए थे। हम सभी 11:00 PM को विश्राम करने के लिए अपने कमरों में चले गये।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


SHOT ON REDMI
AI DUAL CAMERA





# सप्तम दिवस
# DAY-7

स्थान — Mall Town Out Post, Habeeb Mullick & Son's (Since 1890), Shopping Time, NJP, NJP — RANCHI

समय — 10-12:00 PM, 6:14 PM

दिनांक — 12/4/2022

दिनांक 12/4/2022 दिन मंगलवार मैं सुबह 6:00AM बजे उठी। आज हमारा इस होटल में आखिरी दिन था हमने इस होटल मे कुल दो राते तथा दो दिन गुजारे हमें इस होटल के कुछ अव्यवस्था के कारण पहले तो थोड़ी समस्या हुई परंतु इन्होने इस बात का संज्ञान लिया। कर्मचारियो के साकारात्मक व्यवहार के लिए इन्हे आभार व्यक्त करते हुए तथा सहायतापरक व्यवहार हेतू इन्हे धन्यवाद दिया।

हमें सुबह का नाश्ता 8:30 AM में दिया गया। हम सभी नाश्ता करने के पश्चात शिक्षकों द्वारा अनुमति लेकर फिर से बगल के Market में Shopping के लिए चले गये। हमने अपने परिवार जनो के लिए कुछ Gifts लिया और 12:00 PM को वापस Hotel आ गये। उसके पश्चात हमे सभी के समानो को एक जगह पर रखने का आदेश मिला। हमने अपने

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri Mandar, Ranchi





सभी समानो के ऊपर अपने रुम न. की संख्या अंकित की ताकि सामान खोये ना। इसके पश्चात हमें 1:20 PM को दोपहर का खाना दिया गया।

इसके उपरांत हम अपने भ्रमण से लौटने के क्रम मे आगे बढते हुए होटल को अलविदा करके अपने ग्रुप संख्या - 7 के साथ सुमो वाहन से दार्जिलिंग से विदा लिया। इस बार हमारे साथ राकेश सर भी थे।

वापस आने के समय हम अनेक संकरी घाटियो के रास्ते से वापस ले जाया जा रहा रहा था। हम अपने वाहन में मनोरंजन के लिए अंताक्षरी खेल खेलते हुए वापस जा रहे थे।

इस दौरान एक तिक्ष्ण मोड पर एक बार हमारे वाहन और आगे से आने वाली ट्रक के बीच टक्कर होने वाली थी परंतु अनुभवी ड्राइवर के कारण दुर्घटना होने से बच गया। उस वक्त हम सभी बहुत डर गये थे। हमने फिर मन में भगवान का नाम लिया और हमें सुरक्षित रखने के लिए धन्यवाद दिया और आगे का सफर जारी रखा। हम NJP की ओर बढ़ रहे थे और उक्त जगहो को पार करते जा रहे थे।

↓

Batasia loop

↓

Gourigaon

↓

Kursiong 3:45 PM

↓

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


PADMAJA NAIDU HIMALAYAN ZOOLOGICAL PARK
Darjeeling, West Bengal, India
GUIDE MAP (Main Display Zone)
ZOO
SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA


MAY (YOU) CLIMB
FROM PEAK TO PEAK


Mishmi Takin (Budorcas taxicolor taxicolor Hodgson, 1850)

# अष्टम दिवस
# DAY-8

स्थान - Ranchi Railway Station
समय - 4:00 PM
दिनांक - 13/4/2022

दिनांक 13/4/2022 दिन बुधवार हमारी यात्रा राँची स्टेशन की ओर अग्रसरित थी। मैं सुबह 5:00 AM उठी और हमारी ट्रेन क्रमशः इन जगहों को पार करते हुए जा रही थी।

Siudi Station 7:31 AM
↓
Bhimgada Junction 7:54 AM
↓
Andal Junction 8:35 Am
↓
Durga Pur 9:16 AM

हम यहाँ कुछ पल रुके रहे फिर हम 9:47 AM को आगे बढ़ने लगे। आगे बढ़ते हुए हम विभिन्न स्थानों से होते हुए राँची की ओर बढ़ रहे थे।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi




SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA

Ranigaj, West Bengal 10:15 AM
↓
Asansol Junction 10:36 AM
↓
Dokra halt 11:43 AM
↓
Dhanbad Junction 11:51 AM

हम उक्त स्थानो को पार करते हुए हमारी ट्रेन आखिरकार राँची स्टेशन 4:00 PM बजे पहुँची यहाँ का मौसम काफी गर्मी वाली थी। परंतु हम अपने घर पहुँचने की बेसब्री मे हमें उक्त समस्या न्युन लगी अब बारी - बारी से अपने सहपाठियो से मिलकर एक दूसरे से विदा लिया और हम अपने अपने घरों की ओर निकल पडे। हमारी यादों में वे सारे क्षण मौजूद रहेंगे, वो हर किस्सा याद रहेगा। हमारे शिक्षक - शिक्षिकाओ द्वारा हमारे लिए किये गये सम्पूर्ण अनुकुल व्यवस्था के प्रति हम उनके आभारी बने रहेंगे।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# मेरा अनुभव

हमारा शैक्षिक भ्रमण बहुत अच्छा था वहाँ का सफर आनंददायक था इसकी यादे हमेशा रहेगी। हमारे शिक्षको द्वारा जो सहयोग और प्यार मिला वे बहुत सराहनीय है मैं श्री राकेश सर, श्री मनोज सर, श्री विवेक सर, रिभा मैम व बिनिता मैम जी का तहे दिल से आभार प्रकट करती हूँ। जिन्होने हमें ऐसा अवसर प्रदान किया और, ऐसे मनोरंजन स्थलो, सिक्किम (पृथ्वी पर स्वर्ग), गंगटोक (लैंड ऑफ मोनास्ट्री) तथा दार्जिलिंग (पहाडियों की रानी) प्राकृतिक सौंदर्य तथा एतिहासिक धरोहरो का दर्शन करवाया। हमारे सहपाठियो का सहयोग उत्तम रहा। हमारा शैक्षिक भ्रमण 13/4/2022 को सम्पन्न हो गया। हम लोग अपने गुरुओ का आशीर्वाद लेकर खुशी-खुशी अपने घर को लौट गये।

सैन्ट आगस्टाइन के अनुसार
"दुनिया एक किताब की तरह है और जो यात्रा नहीं करते वे केवल पंज पढ़ते है।"

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi